मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,

ई–5 पर्यावरण परिसर, अरेरा कालोनी, भोपाल

क्रमांक /स्था/प्रनिबो/2015 भोपाल, दिनांक

–: कार्यालय आदेश :–

म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, में सूचना के अधिकार अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु पूर्व में आदेश दिनांक 24.1.2012 द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किये गये हैं । उक्त आदेश दिनांक से आज दिनांक तक विभिन्न अधिकारियों के कार्य में परिवर्तन, स्थानान्तरण आदि को दृष्टिगत रखते हुये सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत कार्यो के बेहतर निष्पादन हेतु निम्नानुसार प्रथम अपीलीय अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किये जाते हैं :-

प्रथम अपीलीय अधिकारी : म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थ क्षेत्रीय अधिकारी, सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के अन्तर्गत प्रथम अपीलीय अधिकारी नियुक्त किये जाते हैं ।

लोक सूचना अधिकारी : मुख्यालय हेतु श्री सुधीर श्रीवास्तव, विधि अधिकारी, को एवं म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के अन्तर्गत आने वाली क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं के प्रयोगशाला प्रभारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 5(1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किया जाता है । उपरोक्त आदेश के अनुपालन में ऐसे क्षेत्रीय कार्यालय जिनके साथ प्रयोगशालायें कार्यरत नहीं हैं, जैसे क्षेत्रीय कार्यालय छिन्दवाडा, कटनी, इन्दौर, धार, एसईजेड पीथमपुर, कार्यालय में पदस्थ प्रथम श्रेणी/द्वितीय श्रेणी अधिकारी लोक सूचना अधिकारी होंगे ।

सहायक लोक सूचना अधिकारी : मुख्यालय की तकनीकी शाखा हेतु अधीक्षण यंत्री–3 एवं अन्य प्रत्येक शाखा प्रभारी सहायक लोक सूचना अधिकारी होंगे वहीं म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के अन्तर्गत आने वाली क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं के प्रयोगशाला प्रभारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 5(2) के अन्तर्गत सहायक लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किया जाता है । विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों से संलग्न उपक्षेत्रीय कार्यालय, सिंगल विण्डो कार्यालय के प्रभारी अधिकारी सहायक लोक सूचना अधिकारी होंगे।

/–

(ए0ए0 मिश्रा)
सदस्य सचिव

पृ0क्रमांक 2456 /स्था/प्रनिबो/2015 भोपाल,दिनांक 14-9-15

प्रतिलिपि :-

1 निज सचिव, अध्यक्ष, म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल ।
2 सर्व संबंधितों की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

(ए0ए0 मिश्रा)
सदस्य सचिव